महत्वपूर्ण एवं खास

सर्चिंग के दौरान तीन नक्सली पकड़ाए

बीजापुर (आरएनएस)। जिले में लगातार चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत सोमवार को गश्त सर्चिंग पर निकली पुलिस पार्टी ने बासागुड़ा थाना क्षेत्र से दो महिलाओं सहित तीन नक्सलियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

भूपेश के मुख्यमंत्री बनने से पिछड़ा वर्ग में हर्ष

सिंहदेव, साहू को उचित स्थान दिए जाने पर माना राहुल का आभार
संगठन ने रैली निकालकर पहुंचे बलबीर जुनेजा स्टेडियम

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पिछड़ा वर्ग में हर्ष व्याप्त है। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीएस सिंह देव, सांसद ताम्रध्वज साहू को शपथ दिलाए जाने पर और महत्वपूर्ण स्थान दिए जाने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी पी एल पुनिया का आभार माना है। पिछड़ा वर्ग संगठन के लोग प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के साथ रैली की शक्ल में बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम पहुंचे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के साथ पहुंचे विभिन्न समाज प्रमुखों ने कहा ऐसा लग रहा है छत्तीसगढ़ अब आजाद हो गया है और सामाजिक समरसता की धारा बहेगी। सामूहिक नेतृत्व के चलते यह जीत कांग्रेस को मिली है और कांग्रेसियों की जीत हुई है छत्तीसगढ़ी हो की जीत हुई है।

स्कूलों में 24 से शुरू होगा शीतकालीन अवकाश

कोरबा (आरएनएस)। जिले के सभी शासकीय, अशासकीय और अनुदानप्राप्त विद्यालयों और शिक्षा महाविद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया। 24 से 27 दिसंबर तक अवकाश प्रभावशील रहेगा। 28 दिसंबर से इन संस्थाओं में शैक्षणिक कार्य पूर्ववत संपादित होंगे।

बस्तर में दुबारा हवाई सेवा शुरू करने एयर इंडिया से हो रही बातचीत

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर को प्रदेश सहित देश के अन्य भागों में जोड़ने के लिए शुरू की गई हवाई सेवा को फिर से शुरू करने एयर इंडिया से चर्चा चल रही है। इसके बाद यह चर्चा सफल हुई तो हवाई सेवा का एयर इंडिया के साथ बस्तर वासियों को बेहतर सेवा मिल सकेगी। इस संबंध में जानकारी के अनुसार हवाई सेवा का लाभ आम आदमी को देने के लिए इस बार एटीआर 42 की उड़ान के द्वारा बस्तर को जोड़ा जा सकता है।

बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाई बिक्री पर रोक के बावजूद दवा विक्रेता दवा बेच रहे

रायपुर (आरएनएस)। केंद्र सरकार द्वारा जून 2015 में बिना चिकित्सक की पर्ची के बावजूद शहर में एवं प्रदेश में बड़े पैमाने पर जीवन रक्षक दवाओं सहित नशीली दवाओं का कारोबार मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा बेखौफ चलाए जा रहे हैं। इस संबंध में एमडी मेडिसीन डॉ. आरडी अग्रवाल ने कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए इसे लोगों के जीवन से खिलवाड़ करना करार देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है।

ट्रैन से कटकट 2 लोगों की मौत

भिलाई (आरएनएस)। जीआरपी भिलाई चरोदा इलाके में आज सुबह एक बड़ी घटना घटित हुई है यह नांदेड़ एक्सप्रेस की चपेट में आने से 2 लोगो के मौत हो गई है बताया जा रहा है घटना तब हुई जब दोनों लोग पटरी पार कर रहे थे मृतकों में एक महिला और एक पुरुष शामिल, दोनो सफाई कर्मचारी बताये जा रहे है ,कुगदा से रायपुर जाने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहे, उसी समय दोनों ट्रैन की चपेट में आ गए ,मामला चरोदा जीआरपी थाना का है , मृतकों की शिनाख्त में महिला का नाम रमौतीन बाई बताये जा रहा है ,वही पुरुष का नाम भुनेश्वर मांगेंकर कुगदा निवासी है ,दोनो हमेशा की तरह सुबह 5:30बजे रायपुर जाने के लिए रेलवे ट्रेक पार कर रहे थे तभी अचानक रायपुर से दुर्ग की तरफजा रही नांदेड एक्सप्रेस की चपेट में आ गए बहरहाल चरोदा जीआरपी पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा कर दुर्ग मरचुरी भेज दिया हैं।वही घटना स्थल पर पुलिस जांच में जुटी है।

गांव छोड़कर भागने से पहले पकड़ा गया हत्या का आरोपी

बिलासपुर (आरएनएस)। गौरेला क्षेत्र के ग्राम बड़ेअंजनी में महिला की हत्या करने वाला पड़ोसी गांव छोड़कर भागने के पहले ही पकड़ा गया। आरोपित ने महज 30 हजार रुपये के लिए वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद से वह फरार चल रहा था।

बेवा को 11 वर्ष बाद हाईकोर्ट से मिला न्याय

बिलासपुर (आरएनएस)। हाईकोर्ट ने दुर्घटना में पति को खोने वाली बेवा के न्याय शुल्क में छूट देने पेश आवेदन पर 11 वर्ष बाद भी निर्णय नहीं लेने को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने न्यायालय को सतर्क, संवेदनशीलता के साथ बेवा के मामले में डे टू डे सुनवाई कर 28 फरवरी 2019 से पहले निर्णय लेने का आदेश दिया है।

खाड़ी में उठे तूफान के कमजोर पड़ते ही थमी बारिश

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश अथवा गरज-चमक के साथ जोरदार बौछारें पड़ सकती हैं। इधर मौसम का मिजाज बिगड़ने के बाद राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है।

भूपेश के मंत्रिमंडल में मिल सकता है नए चेहरों को मौका

कामकाज में तेजी लाने मंत्रिमंडल की गठन जल्द ही

रायपुर (आरएनएस)। राज्य की बागडोर संभालते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीन बड़े फैसले लेकर सबको यह जता दिया है कि अब समय बदल चुका है। इधर कांग्रेस के घोषणा पत्र में अमल करने के लिए राज्य के प्रशासनिक अमले ने तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं इन वायदों को पूरा करने के लिए जल्द ही मंत्रिमंडल का गठन करना भी जरूरी है। ऐसे में माना जा रहा है कि निकट भविष्य में ही भूपेश के मंत्रिमंडल का चेहरा सामने होगा।

भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही अब मंत्रिमंडल के गठन की तैयारियां भी तेज हो गई है। अब तक यह अटकलें लगाई जा रही थी कि अभी केवल भूपेश बघेल ही

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे और इसके बाद विचार-विमर्श के बाद मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा। लेकिन तेजी से बदले राजनीतिक हालात के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इससे स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि मंत्रिमंडल का संभावित चेहरा बना लिया गया है। हालांकि भूपेश बघेल के मंत्रिमंडल में वरिष्ठों का स्थान सुनिश्चित माना जा रहा है, लेकिन इस संभावित मंत्रिमंडल में कुछ नए चेहरों को भी मौका दिया जा सकता है। विधानसभा चुनाव में जिस तरह से नए चेहरों ने बाजी मारकर भाजपा के धुरंधरों को पराजय का आईना दिखाया है, इससे माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल में इन युवा चेहरों को भी मौका दिया जा सकता है। बहरहाल छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद अब लोगों की उम्मीदें भी बढ़ी है, इन उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए मंत्रिमंडल का गठन कर कामकाज में तेजी लाना भी समय की जरूरत बन गई है।

जो वादा किया उसे पूरा किया-कांग्रेस

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस सरकार गठन के पहले ही दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस के जन घोषणा पत्र के वायदे के अनुरूप किसानो का कर्जा माफ कर और धान की खरीदी 2500 रु प्रति कुंटल कर के यह साबित कर दिया की कांग्रेस जो कहती है वो करती है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की राज्य के किसानो के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुँह पर भी करारा तमाचा है जो लगातार किसानो के कर्ज माफ़ी के वायदे पर प्रदेश मे झूठा भ्रम फैलाने मे लगी थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने झीरम नर संहार के गुनाहगारो को सलाखों के पीछे डालने के लिए विशेष

जाँच दल गठित करने का निर्णय ले कर प्रदेश के लाखो कांग्रेस जनों और राज्य की जनता मे एक उम्मीद जगाई है, अब झीरम का सच सामने आएगा। कांग्रेस सरकार के पहले ही दिन लिए गए तीनो ऐतिहासिक फैसले राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होने वाले है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अहसास करवा दिया है की होनहार बिरवान के होत चिकने पात।

छत्तीसगढ़ मे सुशासन और लोक कल्यानकारी राज्य की स्थापना हो चुकी है।

कांग्रेस सरकार के तीनों निर्णय स्वागतयोग्य-अमित जोगी

रायपुर (आरएनएस)। जनता कांग्रेस छग के पदाधिकारी एवं पूर्व विधायक अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ की नयी कांग्रेस सरकार द्वारा पहले दिन ही

किसानों का ऋण माफ, धान खरीदी का समर्थन मूल्य 2500 एवं झीरम घाटी हमले की एसआईटी से जांच कराने के तीनों निर्णय को स्वागतयोग्य बताया।

अमित जोगी ने कहा कि छग और छत्तीसगढ़वासियों से संबंधित प्रत्येक कल्याणकारी निर्णय और नीति में हम सदैव सरकार का साथ देंगे और पूर्ण सहयोग करेंगे। श्री जोगी ने कहा कि हम आशा करते हैं कि कांग्रेस सरकार पिछली सरकार की नाकामियों को दूर कर केवल घोषणाएं नहीं करेगी बल्कि नीति-निर्णयों का धरातल पर क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करेगी।

मानसिक रोगी महिला को पुलिस ने घर पहुंचाया

महासमुंद (आरएनएस)। भगतदेवरी ओव्हरब्रिज के नीचे भूखी-प्यासी बैठीं मानसिक रोगी महिला को बसना पुलिस ने शिनाख्त के बाद उसके घर ग्राम खरोरा पहुंचाया। पुलिस के अनुसार एक 55 वर्षीया महिला भगतदेवरी ओव्हरब्रिज के नीचे बैठी थीं जो मानसिक रूप से अस्वस्थ मालूम पड़ रही थी। पुलिस उसे थाना लाई तथा उनके संबंध में जानकारी एकत्र की तो पता चला की वह खरोरा निवासी हैं। सोमवार को उन्हें भोजन कराने के बाद आरक्षक रामकुमार पाटले व आरक्षक उमेश साहू, आनंद सागर ने उनके पिता को सौंपा। परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं।

पारा लुढ़क पहुंचा 12 तक, बस्तर में फैथई से जनजीवन अस्त-व्यस्त

जगदलपुर (आरएनएस)। तीसरे दिन भी बस्तर में फैथई तूफान का प्रभाव दिखाई दिया और पारा लुढ़क कर 12 डिग्री तक आ गया है। आंध्र प्रदेश में आये इस फैथई तूफान के कारण ठंड और वर्षा के साथ मौसम अत्यधिक ठंडा हो गया है। पिछले तीन दिन से मौसम के मिजाज में हुए इस बदलाव से समूचा बस्तर ठंड के कारण कांप रहा है और पानी गिरने के साथ-साथ जीवन ठहर सा गया है। अभी बस्तर के समूचे क्षेत्र में फैथई का कहर अभी भी दिखाई पड़ रहा है। शहर व आसपास के कई स्थानों पर बूंदाबादी का आलम चल ही रहा है।

बस्तर में इसके कारण तापमान 7 डिग्री तक कम हो गया है। इस समय न्युनतम तापमान 12 डिग्री और अधिकतम तापमान 16 डिग्री रिकार्ड किया गया है। उल्लेखनीय है कि बस्तर में पिछले तीन दिन से फैथई तुफान के आने से पहले ही मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव आया हुआ है।

वनरक्षक सीधी भर्ती 2018 शारीरिक दक्षता एवं खेलकूद 20 को

कोरिया (आरएनएस)। वनमण्डलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ ने आज यहां बताया कि वनमण्डल मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत वनरक्षक के पद पर सीधी भर्ती किया जायेगा।

इस हेतु उन्होंने संबंधित पात्र अभ्यर्थियों को षारीरिक दक्षता एवं खेलकूद हेतु 20 दिसंबर को आमाखेरवा ग्राउंड तथा पैदल चाल परीक्षा हेतु 21 दिसंबर को वनमण्डल कार्यालय मनेन्द्रगढ में प्रातः 8 बजे से अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के निर्देष दिये है।

होम डिलीवरी के नाम पर अधिक राशि वसूली का आरोप

रुडकी (आरएनएस)। आम नागरिक मंच ने प्रशासन को दिए ज्ञापन में गैस एजेंसियों पर होम डिलीवरी के नाम पर अधिक राशि वसूली का आरोप लगाया। मंच की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि होम डिलीवरी व गैस गोदाम से मिलने वाली डिलीवरी में बीस रुपये का फर्क होता है।



गोदाम से डिलीवरी लेने पर भी होम डिलीवरी का शुल्क लिया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में मंच अध्यक्ष दीपक लाखवान, सहजदीप सिंह, विजय शर्मा, विकास, सत्येंद्र कुमार, दिनेश, सरोज त्यागी आदि शामिल थे।

कमल नाथ को मुख्यमंत्री बनाए जाने के विरोध में सिख समुदाय का प्रदर्शन

देहरादून (आरएनएस)। कांग्रेस द्वारा 1984 के दंगों के दोषी कमलनाथ को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर आज देहरादून में सिख समुदाय ने विरोध प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया। आज सोमवार को सिख समुदाय से जुड़े कई संस्थान दर्शन लाल चौक पर एकत्र हुए वहाँ से वह कांग्रेस व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के ख़िलाफ़ नारेबाज़ी करते हुए लेंस डाउन चौक पहुँचे जहां उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ का पुतला दहन करा 7 पुतला दहन के उपरांत सिख समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए उत्तराखंड सिख विकास परिषद के अध्यक्ष बलजीत सोनी ने कहा कि कांग्रेस ने कमलनाथ को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर सिक्खों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। गुरुद्वारा रेसकोर्स के अध्यक्ष हरभजन सिंह आनंद ने कहा कि कांग्रेस ने कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाकर यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस सिख विरोधी पार्टी है।

केदारनाथ को मिले रिस्पॉन्स से खुश हूं: सुशांत सिंह

बॉलिवुड ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत ने कहा है कि फिल्म केदारनाथ को दर्शकों से मिले रिस्पॉन्स के बाद वह बेहद खुश हुए। उन्होंने कहा कि जब भी दर्शक किसी फिल्म की प्रशंसा करते हैं तो इससे ऐक्टर और अच्छा काम करने के लिए प्रोत्साहित होता है।

एक अवॉर्ड फंक्शन के दौरान मीडिया से बातचीत में सुशांत ने फिल्म की सफलता पर कहा, मैं दर्शकों के रिस्पॉन्स से बहुत खुश हूं। जिस तरह की डीटेल हमने फिल्म में दिखाई, उसने ऑडियंस से कनेक्ट किया। एक ऐक्टर या फिल्ममेकर के तौर पर हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि जो भी हम कहना चाहते हैं, वह ऑडियंस तक बिना किसी दिक्कत के पहुंचे।

बीमारी से रहना है दूर, जीभ की सफाई पर दें ध्यान

जब भी बात मुंह की सफाई की होती है तो आमतौर पर लोग दांतों की सफाई करना ही समझते हैं, लेकिन मुंह के ही अंदर का जरूरी हिस्सा जीभ पर कम ही लोगों का ध्यान जाता है। जीभ पर ध्यान न देने की वजह से कई बीमारियां हो सकती हैं। इसके अलावा सांस की बदबू की समस्या भी जीभ पर जमी गंदगी के कारण ही होती है। ऐसे में अपनी जीभ को नियमित रूप से साफ करना बेहद जरूरी है। हम आपको बता रहे हैं कुछ आसान तरीके जिससे आप कर सकते हैं अपनी जीभ की अच्छी तरह से सफाई...

नमक- नमक जीभ के लिए एक प्राकृतिक स्क्रब है। इसे जीभ पर छिड़ककर, टूथब्रश के पिछले हिस्से से हल्का दबाव डालकर साफ करें। जीभ को साफ करने के लिए रात में सोने से पहले नमक के पानी से कुल्ला भी कर सकते हैं।

माउथवॉश- भोजन के बाद खाने के

कुछ अंश जीभ पर भी रह जाते हैं, इसलिए माउथवॉश का प्रयोग करें।

बेकिंग सोडा- बेकिंग सोडा में नींबू की कुछ बूंदे मिलाएं, अब इस पेस्ट को जीभ पर उंगली से लगाएं और थोड़ी देर रखने के बाद कुल्ला करें। इससे जीभ पर जमी सफेद परत व गंदगी आसानी से निकल जाएगी।

दही- दही प्रो-बायोटिक होता है। यह जीभ पर जमा फंगस, सफेद परत और गंदगी को खत्म कर देता है।

हल्दी- हल्दी पाउडर में थोड़ा सा नींबू का रस मिला लें, अब इस पेस्ट से जीभ पर मसाज करें। कुछ देर मसाज करने के बाद गुनगुने पानी से कुल्ला कर लें।

नारियल तेल- नारियल के तेल से भी आप अपनी जीभ पर जमी सफेद मोटी परत को दूर कर सकते हैं। ऐंटिसेप्टिक गुणों वाले नारियल के तेल से दिन में 2 बार कुल्ला करें। इससे जीभ पर जमा बैक्टीरिया का सफाया होता है।

अनानास-अनानास में ब्रोमलेन एंजाइम होता है, जो आपकी जीभ के काले धब्बों को हटा देता है और जीभ को डेड स्किन सेल्स से छुटकारा दिलाता है।

ऐलोवेरा- ऐलोवेरा कई तरह की बीमारियों के इलाज में प्रयोग में लाया जाता है और स्किन के लिए भी यह काफी फायदेमंद होता है। जीभ से धब्बों को मिटाने के लिए एलोवेरा जेल यूज कर सकते हैं। आप चाहें तो ऐलोवेरा जूस का सेवन भी कर सकते हैं।

चाय-समोसा देख हंसी नहीं रोक पाए अजय देवगन

यूं तो बॉलिवुड के सिंघम कहे जाने वाले अजय देवगन शांत स्वभाव के और गंभीर ऐक्टर माने जाते हैं लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं और लोगों के सवालों के रिप्लाई भी करते रहते हैं।

इन दिनों एक तस्वीर इंटरनेट पर काफी वायरल हो रही है। इसमें कांच के दो गिलास रखे दिख रहे हैं जिसमें चाय भरी है और दोनों गिलासों के ऊपर (बीचोंबीच) एक समोसा रखा है। जिस अंदाज में यह समोसा रखा दिख रहा है, वह अजय देवगन के फूल और कांटे वाले सीन की याद दिलाता है जिसमें उनकी एंट्री दो गाड़ियों पर पैर रखकर होती है। ट्विटर हैंडल से यह तस्वीर शेयर की गई जिसे देखने के बाद खुद अजय भी हंसे बिना नहीं रह पाए और उन्होंने रिप्लाई में एक हंसता हुआ इमोजी बनाया।

इस फोटो पर लोगों ने तरह-तरह के मजेदार कॉमेंट किए हैं। किसी ने पूछा कि इसमें केसर है कि नहीं तो किसी ने कहा कि आलू की जगह विमल डाला हुआ है।

फिल्मों की बात करें तो वह डायरेक्टर रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म सिंबा में कैमियो करते नजर आएंगे।